शिक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा संचालित बेसिक शिक्षा– गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के बेसिक ट्यूशन टीचर्स (BTT) तथा DEC, BEC की नियुक्तियां 2018–2019 हेतु ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने के लिए तकनीकी ऑपरेशन सम्बन्धी दिशा निर्देश

सर्वप्रथम अभ्यर्थी / अभ्यर्थिनी वेबसाइट में दिये गये दिशा– निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा दिये गये प्रारूप फार्म में प्रिंट कर लें। प्रिंट किये गये फार्म पर अपने रिकार्ड के अनुसार सूचना सही– सही भर लें ताकि ऑनलाइन फार्म भरते समय सरलता रहें। ऑनलाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियां **अंग्रेजी भाषा के कैपिटल लैटर्स** में तथा संख्यात्मक प्रविष्टियां एक ही अंक पद्धति में अंकित की जानी है। प्रविष्टियां भरने में स्पेशल करैक्टर (#,@,$,%,^,&,*,(),_,-, = इत्यादि) का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया तीन चरणों में विभाजित है–

ऑन लाइन आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन करना तथा उसका देखना, तत्पश्चात Submit and Print Your Registration Form बटन पर क्लिक करते हुये रजिस्ट्रेशन पूर्ण करना तथा रजिस्ट्रेशन फॉर्म का प्रिंट आउट करना।

1. ऑनलाइन विवरण पुस्तिका शुल्क जमा करना : –

- आवेदक रजिस्ट्रेशन विवरण भरने के पश्चात क्लिक करते हुये ऑन लाइन आवेदन शुल्क प्रक्रियों को पूर्ण करेंगे। तदुपरान्त स्क्रीन पर प्रदर्शित Enter the Code Shown- Proceed पर क्लिक करेंगे।
- Proceed पर क्लिक करने के उपरान्त अभ्यर्थी **Pay Now** पर क्लिक करेंगे।
- Appnit Payment Gateway द्वारा इण्टरनेट बैंकिग(INTERNET BANKING) व A.T.M. Card/Debit Card/ Credit Card/ wallet / UPI द्वारा ऑन लाइन अभ्यर्थी आवेदन शुल्क जमा करेंगे।
- अभ्यर्थी अपना आवेदन शुल्क जमा करने हेतु Debit Card/ Credit Card/ Net Banking / wallet /UPI माध्यम से करेंगे। ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने के उपरान्त दूसरे चरण में प्रवेश करेंगे।

2. ऑनलाइन आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण)करना :–

- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने हेतु अभ्यर्थी / अभ्यर्थिनी वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन फार्म में दी गयी प्रविष्टियों को सही– सही भरेंगे। तत्पश्चात स्क्रीन पर दी गई SAVE above details and proceed to बटन के सहायता से रजिस्ट्रेशन विवरण को पूर्ण करेंगे। तदुपरान्त रजिस्ट्रेशन विवरण प्रदर्शित होगा। आवेदक फोटो व हस्ताक्षर 50 KB अलग–अलग अपलोड करेंगे।

फोटो अपलोड करना :–

- पहले अपनी 50 KB की एक फोटो व 50 KB के हस्ताक्षर स्कैन करके अपलोड करेंगे। अपलोड़ की गयी फोटो JPEG तथा JPG format में होनी चाहिए तथा फोटो साइज 50 KB तथा हस्ताक्षर का साइज 50 KB से अधिक नहीं होना चाहिए।
- फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने हेतु आवेदक कम्प्यूटर पर उपलब्ध अपनी Choose file बटन की सहायता से फोटो व हस्ताक्षर सलेक्ट करके अपलोड करेंगे। तथा अपलोड की गई फोटो व हस्ताक्षर की पुष्टि करने के लिये Click here to Preview से अपनी फोटो व हस्ताक्षर की जांच करेंगे।
- अपलोड की गई फोटो व हस्ताक्षर सही होने की दशा में Submit व Save पर क्लिक करते हुए अपना ऑन लाइन आवेदन प्रिंट आउट करने हेतु तीसरे चरण में प्रवेश करेंगे।

3. अपना भरा हुआ आवेदन पत्र प्रिन्ट करें :–

अभ्यर्थी / अभ्यर्थिनी ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पंजीकरण करने के उपरान्त रजिस्ट्रेशन संख्या एवं जन्मतिथि और आरक्षित श्रेणी को बेवसाइट पर दिये गये तीसर चरण में भरते हुऐ आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरान्त ही अपने आवेदन पत्र का प्रिंट आउट निकाल सकते है।

- फार्म Submit करने से पूर्व समस्त भरी हुयी प्रविष्टयों को ध्यान पूर्वक जांच लें।

एक बार सबमिट करने के उपरान्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। फिर भी यदि कोई आवेदक किसी कारणवश अपने आवेदनपत्र में कोई संशोधन करना चाहते हैं तो उसे नवीन रजिस्ट्रेशन करके ही पुनः आवेदन पत्र पूर्ण करना होगा।